# हिंदी दिवस समारोह

दिनांक: 15-9-2025

हिंदी दिवस प्रत्येक वर्ष 14 सितंबर को भारत की राजभाषा के रूप में मनाया जाता है। 14 सितंबर 1949 को भारत की संविधान सभा में हिंदी को भारत की आधिकारिक भाषा का दर्जा दिया गया इसलिए यह दिन हिंदी के महत्व और भारत की सांस्कृतिक एकता में इसकी भूमिका को रेखांकित करता है, इस दिन स्कूल, कॉलेज और सरकारी कार्यालय में हिंदी के प्रचार प्रसार के लिए साहित्यिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे भाषण, वाद - विवाद और कविता पाठ आयोजित किए जाते हैं। हिंदी भारत की सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषाओं में से एक है और विश्व स्तर पर तीसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है जो इसे राष्ट्रीय एकता का एक महत्वपूर्ण प्रतीक बनाती है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सेंट थॉमस कॉलेज आफ एजुकेशन में हिंदी दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें शिक्षा विभाग के सभी अध्यापकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया एवं छात्रों ने ऑनलाइन प्रतियोगिता में भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर इंदु बाला कुशवाह ने किया जिसमें शिक्षकों को पांच विषयों पर अपने विचार व्यक्त करने थे कार्यक्रम की शुरुआत कॉलेज के डीन डॉ. एम. के. त्यागी ने की। डा. त्यागी ने हिंदी की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए हिंदी भाषा की उपयोगिता को समझाया।

हिंदी दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ...🙏🌹🙂

हमारी प्यारी हिंदी

कोकिल-सी है जिसमें मिठास,
शत वीणा की झंकार ओ साज़
जोड़े हर दिल को जो आवाज़
सर्व-भाषा की कहलाती सरताज़

संप्रेषित सहज, सरल, सुविचार
शक्तिशाली शब्दावली, धारदार
नौ रसों की है जिसमें निष्पत्ति
साहित्य, कला, शिक्षा की उन्नति

शरण में आ सभी पाते विश्रांत
उदारमना करे सबको स्वीकार
माँ सम रखती सभी का ख्याल
शब्द-शब्द संवेदना,स्नेह की फुहार

सहेजे संस्कृति,सभ्यता की थाती
जीवन मूल्यों, संस्कारों की बाती
हमारी आशा प्रत्याशा, मातृभाषा
देश की आत्मा, विश्व की ज्योति

आर्यावर्त का उत्थान, कीर्तिमान
विविधता में एकता का आधार
वसुदेव कुटुंबकम करती साकार
ऐसी प्यारी हिंदी,अप्रतिम अपार।

Elizabeth C Khaute
2nd year B.Ed.
St.Thomas College of Education.
Greater Noida.